# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग

पत्रांकः– 08 / अ0प्र0–14–08 / 2025 1824 (ग्रा) पटना, दिनांक 11.2.25

प्रेषक,

कुमार अनिल सिन्हा,
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

सभी मुख्य अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
बिहार, पटना।

विषयः– अपने अधीनस्थ कार्यालयों (कार्य प्रमंडल एवं कार्य अंचल) में अमीन के स्वीकृत पदों के विरूद्ध कार्यरत बल एवं रिक्त पदों की सूचना उपलब्ध कराने के संबंध में।

प्रसंगः– सामान्य प्रशासन विभाग के पत्रांक–480 दिनांक–09.01.2025 ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के द्वारा विभाग के अधीनस्थ कार्यालयों में पत्रांक–20017, दिनांक–13.12.2024 द्वारा सभी विभागों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों को चिन्हित कर पदवार स्वीकृत पदों के विरूद्ध कार्यरत बल एवं रिक्त पदों की त्रुटि रहित सूचना पदवार / कार्यालयवार ऑनलाईन संधारित करने का अनुरोध किया गया है।

उक्त सूचना को उपलब्ध कराने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा विहित प्रपत्र भी उपलब्ध कराया गया है।

आप अवगत है कि विभागीय संकल्प सं0–6800, दिनांक–28.11.2023 द्वारा सभी कार्यालयों में आवश्यकता आधारित नये एवं अतिरिक्त पदों का सृजन सहित पूर्व स्वीकृत पदों का पुनर्गठन एवं युक्तिकरण किया गया है। इस क्रम में प्रत्येक कार्य प्रमंडल / कार्य अंचल में अमीन का नये सिरे से पद का सृजन किया गया है। सुविधा हेतु संगत संकल्प की प्रति का अवलोकन किया जा सकता है, जो विभागीय वेब साईट पर उपलब्ध है।

अतएव वर्णित परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि पुनर्गठन से संबंधित विभागीय संकल्प सं0–6800 दिनांक–28.11.2023 द्वारा विभिन्न कार्यालयों में अमीन के स्वीकृत पद के अनुरूप अपने क्षेत्राधीन कार्य प्रमंडल एवं कार्य अंचल में कार्यरत अमीन से संबंधित वांछित प्रतिवेदन विहित प्रपत्र में अंकित कर विभाग को अविलम्ब उपलब्ध कराया जाय, ताकि विभागीय स्तर से उक्त प्रतिवेदन को समेकित कर सामान्य प्रशासन विभाग को प्रेषित की जा सकें। आप वांछित प्रतिवेदन ई0 मेल–rwdsectioneight@gmail.com पर भी भेज सकतें है।

अनु0ः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

11/2/25

(कुमार अनिल सिन्हा)
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांकः–08 / अ0प्र0–14–08 / 2025 1824 (ग्रा) पटना, दिनांक 11.2.25

प्रतिलिपिः–(अनुलग्नक सहित) सभी अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / सभी कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/2/25

सरकार के संयुक्त सचिव

Soni Letter

पत्रांक–23/स0क्षे0रो0सृ0–12–02/2024, 480 /सा0प्र0

बिहार सरकार

सामान्य प्रशासन विभाग

प्रेषक,

रजनीश कुमार,
सरकार के संयुक्त सचिव

सेवा में,

सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव,
बिहार, पटना।

पटना–15, दिनांक: 09.01.25

विषय :– कार्यालयवार रिक्त पदों की सूचना ऑनलाईन अद्यतन करने के संबंध में।

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संदर्भ में सूचित करना है कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–20017, दिनांक–13.12.2024 द्वारा सभी विभागों को अपने अधीनस्थ कार्यालयों (आयोग/निदेशालय/जिलास्तर के कार्यालयों/प्रखंड स्तर के कार्यालयों आदि) को चिन्हित कर पदवार स्वीकृत पदों के विरूद्ध कार्यरत बल एवं रिक्त पदों की त्रुटिरहित सूचना पदवार/कार्यालयवार ऑनलाईन संधारित करने का अनुरोध किया गया है।

उल्लेखनीय है कि इस संदर्भ में संयुक्त सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा आयोजित विभिन्न साप्ताहिक बैठकों में कई विभागों द्वारा संशय की स्थिति से अवगत कराया गया एवं कई सुझाव भी दिये गये। उक्त प्राप्त सुझाव के आलोक में पूर्व प्रचारित प्रपत्र को निम्न रूप से पुनरीक्षित किया जा रहा है :–

(क) नियमित पद हेतु –

| क्र0 सं0 | संलग्न क्षेत्रीय कार्यालय/निदेशालय का नाम | पदनाम | स्वीकृत बल | कार्यरत बल | | | | | | | रिक्त पदों की संख्या | अभ्युक्ति (सीधी भर्ती/प्रोन्नति के माध्यम से रिक्त पदों को भरने संबंधी विवरणी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | नियमित | | | नियमित स्वीकृत बल के विरूद्ध संविदागत नियुक्ति | | | कुल कार्यरत महिलाओं | | |
| | | | | पुरूष | महिला | महिलाओं का प्रतिशत | पुरूष | महिला | महिलाओं का प्रतिशत | (नियमित+संविदा) का प्रतिशत | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |

(ख) संविदागत पद हेतु –

| क्र0 सं0 | संलग्न क्षेत्रीय कार्यालय/निदेशालय का नाम | पदनाम | संविदागत पद के विरूद्ध स्वीकृत बल | संविदागत पद के विरूद्ध कार्यरत बल | | | संविदागत पद के विरूद्ध रिक्त पदों की संख्या | अभ्युक्ति (सीधी भर्ती/प्रोन्नति के माध्यम से रिक्त पदों को भरने संबंधी विवरणी) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | पुरूष | महिला | महिलाओं का प्रतिशत | | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |

11 ०७११८५

ज्ञात हो कि दिनांक–13.01.2025 को मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गयी है जिसमें कुल स्वीकृत बल एवं कार्यरत बल के आधार पर उपलब्ध रिक्तियों के विरूद्ध नियुक्ति की कार्रवाई प्रक्रियाधीन होने की अद्यतन स्थिति, यथा–रोस्टर क्लियरेंस/अधियाचना प्रेषित/विज्ञापन प्रकाशन/परीक्षा प्रारंभ/अंतिम रूप से अनुशंसा भेजने आदि की समीक्षा की जाएगी।

अतः अनुरोध है कि पत्र प्राप्ति के साथ वांछित सूचना उपर्युक्त प्रपत्र में ऑनलाईन अद्यतन कर इसकी एक वेबप्रति सामान्य प्रशासन विभाग को अतिशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

09/01/25

(रजनीश कुमार)

सरकार के संयुक्त सचिव।

बिहार सरकार

ग्रामीण कार्य विभाग

ज्ञापांकः–1/अ0प्र0–01–05/2022 1540 /पटना, दिनांकः 6.2.25

प्रतिलिपिः– सभी मुख्य अभियंता/सभी अधीक्षण अभियंता/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–4, 5, 6, 8, 11 एवं 12/प्रशासनिक पदाधिकारी, ब्राडा एवं आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि संलग्न विहित प्रपत्र में वांछित सूचना यथाशीघ्र उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

~~अनु0– यथोक्त~~।

05/2/25

(संजय कुमार)

सरकार के अवर सचिव

Sri Sumit

6.2.25

55/5011

07.02.2025

Sujit Memo 2023 Super Comp